शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला – बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001

TelePhone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website : www.bvvjdp.ac.in

क्रमांक / 768 /ब.वि.वि./अका./2021 जगदलपुर, दिनांक 07/09/2021

//अधिसूचना//

विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमांक/721/अका./ब.वि.वि./2021 जगदलपुर, दिनांक 27/08/2021 द्वारा शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के शिक्षण विभाग अन्तर्गत विभिन्न अध्ययनशालाओं एवं समस्त संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में संचालित **स्नातकोत्तर (एम.बी.ए. एवं एम.सी.ए. को छोड़कर), स्नातकोत्तर डिप्लोमा एवं एल.एल.बी. (त्रिवर्षीय विधि स्नातक पाठ्यक्रम)** के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश हेतु प्रथम चरण **(Phase-I)** में विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन की प्रक्रिया हेतु तिथि दिनांक 27/08/2021 से दिनांक 10/09/2021 तक एवं प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अंतिम तिथि दिनांक 15/09/2021 तक निर्धारित किया गया है।

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र क्रमांक/1901/214/आउशि/सम./2021 नवा रायपुर, दिनांक 02.09.2021 एवं अवर सचिव, छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक एफ 17–95/2017/38–2 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 01.09.2021 के अनुसार कोविड–19 संक्रमण एवं पोस्ट कोविड प्रभाव के कारण एवं छात्रहित में सीट रिक्त रहने की स्थिति में प्रवेश हेतु प्राचार्य स्तर से दिनांक 17.09.2021 एवं कुलपति के अनुमति से दिनांक 30.09.2021 तक प्रवेश दिये जाने की तिथि में राज्य शासन द्वारा वृद्धि करने की अनुमति प्रदान किया गया है।

अतः शैक्षणिक सत्र 2021–22 में स्नातकोत्तर (एम.बी.ए. एवं एम.सी.ए. को छोड़कर), स्नातकोत्तर डिप्लोमा एवं एल.एल.बी. (त्रिवर्षीय विधि स्नातक पाठ्यक्रम) के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश प्रथम चरण (Phase-I) में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि दिनांक 15/09/2021 तक में संशोधन करते हुए अंतिम तिथि दिनांक 17/09/2021 निर्धारित किया जाता है। प्रथम चरण में महाविद्यालय/विश्वविद्यालय अध्ययनशाला द्वारा जारी मेरिट/चयन सूची में आने वाले आवेदक छात्र–छात्राओं को दिनांक 17/09/2021 तक महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त करना होगा।

महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों में सत्र 2021–22 में प्रवेश लेने वाले छात्र–छात्राओं की यूजर आईडी को पोर्टल में **Verified & Admitted** में क्लिक कर अनिवार्यतः लॉक करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि प्रवेशित छात्र–छात्राएँ विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग द्वारा अधिसूचित तिथि/अवधि में ऑनलाईन नामांकन कर सके।

(माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित)

7/9/2021

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

पृ.क्रमांक / 769 /ब.वि.वि./अका./2021 जगदलपुर, दिनांक 07/09/2021

प्रतिलिपि :–

01. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
02. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय,ब्लॉक–सी 30, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
03. माननीय कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
04. क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा, शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
05. प्राचार्य, संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
06. समस्त विभाग प्रमुख/विभागाध्यक्ष, समस्त अध्ययनशाला शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

07.9.2021

सहायक कुलसचिव (अकादमिक)
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)